पत्र सूचना शाखा

**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने जनपद गोरखपुर में ब्रह्मलीन परमपूज्य महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज सप्तम अखिल भारतीय प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता–2025 की विजेता उ0प्र0 एवं उपविजेता पूर्वोत्तर रेलवे टीम को चेक व ट्रॉफी प्रदान की

## खेल और खेल संस्कृति हमें टीम वर्क करने की प्रेरणा देती, खेल से खिलाड़ियों में सहयोग, अनुशासन और जिम्मेदारी का भाव स्वाभाविक रूप से विकसित होता : मुख्यमंत्री

## प्रधानमंत्री जी ने देश के हर नौजवान से अपेक्षा की है कि वह किसी न किसी खेल से अवश्य जुड़ें

## कबड्डी के खेल में स्फूर्ति भी है और खिलाड़ियों के मन में टीम भावना के साथ कार्य करने का जज्बा भी

## प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से खेल और खेल संस्कृति के प्रति आम भारतीय के मन में जो भाव पैदा हुए हैं, हमने उन्हें मूर्त रूप लेते हुए देखा

## भारत की खेल प्रतिभाएं ओलम्पिक खेल, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और वर्ल्ड चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त कर रहीं

## सरकार हर कमिश्नरी मुख्यालय पर एक स्पोर्ट्स कॉलेज के निर्माण की दिशा में तेजी से कार्य कर रही

## हर जिला मुख्यालय पर एक स्टेडियम तथा हर ब्लॉक स्तर पर एक मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए सरकार युद्धस्तर पर इन कार्यक्रमों से जुड़ी

## मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द के नाम पर एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण किया जा रहा

## इसका पहला सत्र इस वर्ष प्रारम्भ हो गया, इसमें ओलम्पिक, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स के स्टैण्डर्ड के अनुरूप सुविधाएं विकसित की जा रहीं

## प्रदेश में हमने गारण्टी दी कि जो भी खिलाड़ी ओलम्पिक, कॉमनवेल्थ, एशियन गेम्स या वर्ल्ड चैम्पियनशिप में देश के लिए मेडल लेकर आएगा, उसे सीधे सरकारी नौकरी उपलब्ध करवाएंगे

## सरकार ने निर्णय लिया कि कोई खिलाड़ी किसी प्रतियोगिता में जाता है, तो उस दौरान वह सर्विस का पार्ट माना जाएगा

## सरकार ने निर्णय लिया कि जो खिलाड़ी सरकारी नौकरी प्राप्त करता है, उसे प्रैक्टिस करने का पूरा अवसर मिलना चाहिए

**लखनऊ : 04 दिसम्बर, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि खेल और खेल संस्कृति हमें टीम वर्क करने की प्रेरणा देती है। खेल सिखाता है कि सफलता सामूहिक प्रयास से

मिलती है। खेल से खिलाड़ियों में सहयोग, अनुशासन और जिम्मेदारी का भाव स्वाभाविक रूप से विकसित होता है। प्रत्येक खेल हम सबको इन भावनाओं के साथ जोड़ता है। इसीलिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के हर नौजवान से अपेक्षा की है कि वह किसी न किसी खेल से अवश्य जुड़ें। आज हमने ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज अखिल भारतीय प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच का रोमांचक खेल देखा है।

मुख्यमंत्री जी आज जनपद गोरखपुर में ब्रह्मलीन परमपूज्य महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज सप्तम अखिल भारतीय प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता–2025 के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने प्रतियोगिता की विजेता उत्तर प्रदेश टीम को 02 लाख रुपये का चेक तथा ट्रॉफी एवं उपविजेता पूर्वोत्तर रेलवे टीम को 01 लाख रुपये का चेक व ट्रॉफी प्रदान की। मुख्यमंत्री जी ने तृतीय स्थान पर रहने वाली हरियाणा तथा चतुर्थ स्थान पर रहने वाली आन्ध्र प्रदेश की टीम को 50–50 हजार रुपये के चेक व ट्रॉफी प्रदान किये।

मुख्यमंत्री जी ने फाइनल मैच की विजेता तथा उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया है। हमने क्रिकेट लीग के बारे में बहुत सुना है। अब तो कबड्डी लीग भी हो रही है और यह बहुत लोकप्रिय भी हो रही है। यह एक अभिनन्दनीय प्रयास है। कबड्डी में पूरी टीम खेलती है और खेलकूद के कार्यक्रम से जुड़ती है। कबड्डी के खेल में स्फूर्ति भी है और खिलाड़ियों के मन में टीम भावना के साथ कार्य करने का जज्बा भी। कबड्डी एक ऐसा खेल है, जिसमें हर खिलाड़ी की रेड, टैकल और बोनस प्वॉइन्ट केवल एक खेल नहीं होता, बल्कि नए भारत की ऊर्जा का प्रतीक होता है। हर खेल हमारे युवाओं की स्फूर्ति, उनके अटेंशन और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता तथा आत्मविश्वास को भी विकसित करता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही खेल और खेलकूद की प्रतियोगिताओं के प्रति व्यापक जागरूकता रही है। भारतीय मनीषा यह मानती है कि 'शरीरमाद्यम् खलु धर्मसाधनम्', अर्थात धर्म के जितने भी साधन हैं, उन सभी की पूर्ति एक स्वस्थ शरीर से ही सम्भव है। स्वस्थ शरीर या निरोगी काया तभी प्राप्त हो सकती है, जब व्यक्ति शारीरिक फिटनेस पर ध्यान दें। हमने विगत 11 वर्षों में बदलते हुए भारत को देखा है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से खेल और खेल संस्कृति के प्रति आम भारतीय के मन में जो भाव पैदा हुए हैं, हमने उन्हें मूर्त रूप लेते हुए देखा है। आज इसी कारण भारत की

खेल प्रतिभाएं ओलम्पिक खेल, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और वर्ल्ड चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त कर रहीं हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि खेलोगे, तो खिलोगे, अपने लिए भी, समाज के लिए भी और देश के लिए भी। खेल और खेलकूद प्रतियोगिताओं के प्रति हर स्तर पर नई जागरूकता पैदा हुई है। आज सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ–साथ विधायक खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन हो रहे हैं। खेलो इण्डिया के माध्यम से हर स्तर पर केन्द्र स्थापित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में पहले से तीन स्पोर्ट्स कॉलेज हैं। हमारी सरकार हर कमिश्नरी मुख्यालय पर एक स्पोर्ट्स कॉलेज के निर्माण की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। हर जिला मुख्यालय पर एक स्टेडियम तथा हर ब्लॉक स्तर पर एक मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए सरकार युद्धस्तर पर इन कार्यक्रमों से जुड़ी है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार लगातार खेल सुविधाओं को बढ़ा रही है। गांव–गांव में खेल का मैदान और ओपन जिम का निर्माण हो रहा है। सरकार का जो पैसा वित्त आयोग के माध्यम से पंचायतों को जाता है, उसकी प्राथमिकता में खेल का मैदान और ओपन जिम का निर्माण भी है। खेलकूद गतिविधियों को प्रोत्साहन इसी प्राथमिकता का हिस्सा होता है। इसके परिणामस्वरूप आज प्रदेश में खेलकूद की गतिविधियां प्रत्येक स्तर पर तेजी के साथ बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द के नाम पर एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण किया जा रहा है। इसका पहला सत्र इस वर्ष से प्रारम्भ हो गया है। इसके तहत स्टेडियम, इण्डोर स्टेडियम, विश्वविद्यालय के भवन का निर्माण तथा अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इनमें ओलम्पिक, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स के स्टैण्डर्ड का ध्यान रखकर उसके अनुरूप सुविधाएं विकसित की जा रहीं हैं। वर्ष 2030 का कॉमनवेल्थ गेम्स भारत के अहमदाबाद में आयोजित होने जा रहा है। आज की यह कबड्डी प्रतियोगिता इन खेलों की तैयारी करने के लिए एक अवसर हमें देती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत लगातार सात वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन यहां पर होता है। बड़ी संख्या में यहां पर टीमें भाग ले रही हैं। 12 टीमों के 168 खिलाड़ियों और 24 कोच और टीम मैनेजर ने इस पूरी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया है। इनमें राजस्थान, हरियाणा, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, गुजरात, विदर्भ, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पूर्वोत्तर रेलवे, भारतीय सेना, जे0डी0 एकेडमी और उत्तर प्रदेश की टीमें शामिल हैं। आज

हमने पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर और उत्तर प्रदेश की टीमों के बीच शानदार फाइनल मैच देखा है। इसमें उत्तर प्रदेश की टीम विजयी रही है। पूर्वोत्तर रेलवे उपविजेता रही। मुख्यमंत्री जी ने दोनों टीमों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हमने गारण्टी दी है कि जो भी खिलाड़ी ओलम्पिक, कॉमनवेल्थ, एशियन गेम्स या वर्ल्ड चैम्पियनशिप में देश के लिए मेडल लेकर आएगा, उसे सीधे सरकारी नौकरी उपलब्ध करवाएंगे। हमने डिप्टी एस0पी0, तहसीलदार और अलग–अलग विभागों में अन्य महत्वपूर्ण पदों पर अच्छे खिलाड़ियों को नियुक्त किया है। अब तक हम 500 से अधिक खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न पदों पर सरकारी नौकरी में समायोजित कर चुके हैं। इनमें से अधिकतर को पुलिस बल में समायोजित किया गया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हाल ही में हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया है कि कोई खिलाड़ी किसी प्रतियोगिता में जाता है, तो उस दौरान वह सर्विस का पार्ट माना जाएगा। यानी जब वह देश के लिए खेल रहा है, तो वह अपनी सरकारी ड्यूटी का निर्वहन कर रहा है। सरकार ने यह निर्णय भी लिया है कि जो खिलाड़ी सरकारी नौकरी प्राप्त करता है, उसे प्रैक्टिस करने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। अक्सर विभाग उन्हें प्रैक्टिस करने के लिए अवसर नहीं देते थे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में खिलाड़ियों के लिए अच्छे प्रोत्साहन के कार्यक्रम चल रहे हैं। ओलम्पिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड या फिर वर्ल्ड चैम्पियनशिप के प्रत्येक गेम में, चाहे वह एकल गेम हो या टीम गेम, खिलाडियों के प्रतिभाग करने और उनके मेडल जीतने पर पुरस्कार की राशि अलग–अलग घोषित की गई है। यह सभी आयोजन खेलकूद की गतिविधियों के प्रति सामान्य नागरिक को जागरूक करने की दिशा में सरकार द्वारा किए जाने वाले प्रयासों का हिस्सा हैं।

इस अवसर पर गोरखपुर की जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री साधना सिंह, महापौर डॉ0 मंगलेश श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह, विधायक श्री फतेह बहादुर सिंह, श्री प्रदीप शुक्ला, श्री महेन्द्र पाल सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, खेल सचिव श्री सुहास एल0वाई0 सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

———————